Jerry Coughlan Health & Wellness Centre

समुदाय के लिए ताज़ा खबर – दिसंबर 2020

निर्माण चालू हो चुका है!

हमें आपको बहुप्रतीक्षित Jerry Coughlan Health and Wellness Centre के बारे में ताज़ा जानकारी देते हुए खुशी हो रही है।

अति आधुनिक तकनीक से बना नया केंद्र

Jerry Coughlan Health and Wellness Centre, North Pickering में बनाया जा रहा है, जो कि एक नया, चार मंज़िला बाह्य रोगी मेडिकल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसे हमारे प्रगति करते हुए क्षेत्र को एक ही छत के नीचे कई प्रकार की स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

इसमें उपलब्ध सेवाओं में एक दिन में की जाने वाली सर्जरी प्रक्रिया, एक आपातकालीन देखभाल क्लिनिक, और अन्य Lakeridge Health सेवाएं शामिल होंगी। इमारत के अन्य किरायेदार, एक आधुनिक तकनीक से बने, रोगियों के लिए पूरी तरह से सुगम और पारिवारिक केंद्रित व्यवस्था में तरह-तरह के नैदानिक परीक्षण, प्रयोगशाला सेवाएं, एक दवा की दुकान और अन्य सलाहकार चिकित्सकों के क्लिनिक – यह सभी प्रदान करेंगे। यह नया केंद्र Pickering में 1690 Dersan Street पर स्थित होगा और 2022 के मध्य या आखिर तक इसके खुलने की संभावना है।

नए केंद्र के लिए योजनाएं अगस्त 2020 में आधिकारिक रूप से घोषित कर दी गई थीं जब Lakeridge Health और NorthWest Healthcare Properties REIT (NorthWest) ने सरकारी और सामुदायिक सहयोगियों के साथ आधिकारिक भूमिपूजन में भाग लिया, जो केंद्र के भविष्य के स्थल पर आयोजित किया गया था।

हमारे समुदाय की मदद

North Pickering एक तेज़ी से बढ़ता हुआ समुदाय है जिसे समुदाय-आधारित स्वास्थ्य सेवा की अधिक ज़रूरत है। यह नया केंद्र देखभाल का एक सम्पूर्ण मॉडल प्रस्तुत करेगा जिससे Durham Region के निवासियों को इस तरह से सेवाएं मिलेंगी जिससे उन्हें अस्पताल से सामुदायिक स्वास्थ्य और चिकित्सकीय सेवाओं तक जाने में कोई परेशानी ना हो और रोगी और देखभाल टीम का अनुभव बेहतर बने।

निर्माण जारी है

इस हफ़्ते स्थल पर खुदाई और स्थल पर काम के लिए के लिए भारी उपकरणों के पहुँचने के साथ निर्माण चालू हो गया है। निर्माण का सभी काम नियमित व्यावसायिक समय के दौरान किया जाएगा और आस-पास रहने वाले निवासियों को बहुत कम असुविधा होगी।

निर्माण चालू होने के साथ ही, विकास में हमारे भागीदार, NorthWest, ने भी इमारत में आने वाले अन्य स्वास्थ्य सेवा सहयोग सेवाओं और स्वास्थ्य प्रदाताओं से किराये के समझौते के बारे में बात करनी शुरू कर दी है।

जल्द ही आ रहा है – लाइव विडिओ फ़ीड

दिसंबर कि शुरुआत में निर्माण स्थल पर बिजली उपलब्ध हो जाएगी जिस से हम वहाँ का लाइव विडिओ ले सकेंगे जिससे आप निर्माण होते हुए देख सकें।

जैसे जैसे यह रोमांचक प्रोजेक्ट आगे बढ़त रहेगा, वैसे-वैसे हम आप तक इस से संबंधित नियमित ताज़ा समाचार पहुंचाते रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया Lakeridge Health की वेबसाईट पर जाएं या infoJCHWC@lh.ca पर ईमेल करें।

हमसे जुड़े रहें

WWW.LH.CA infoJCHWC@lh.ca

LakeridgeHealth LakeridgeHealth